# यूपी में कृषि समेत कई मोर्चों पर तरक्की

■ अजित खरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश ने वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के मोर्चे पर कामयाबी पाना शुरू कर दिया है। कुल 11 सेक्टरों के लिए तय लक्ष्य से ज्यादा बढ़त हासिल कर ली है। यह तरक्की गत एक साल के बीच पाई है। खेती से लेकर रियल इस्टेट तक और निर्माण से लेकर परिवहन भंडारण तक में राज्य में बेहतर काम हुआ है। अलबत्ता विर्निमाण, ऊर्जा, होटल व रेस्टारेंट, व वित्तीय सेवाओं में तय लक्ष्य से पूरा नहीं हो पाया है।

उत्तर प्रदेश में जीएसवीए ( राज्य सकल मूल्य वर्धन) के आधार पर वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 23 लाख करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा गया था और उपलब्धि 23.24 लाख करोड़ की रही। जो लक्ष्य का 101 प्रतिशत है। साल 2028 तक यूपी की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। सलाहकार कंपनी डेलाइट ने सभी सरकारी विभागों के साथ समन्वय के साथ इस मुहिम की मानटरिंग कर रही है। हाल में इस पर अब तक हुई प्रगति रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष पेश की गई।

## राज्य सकल मूल्य वर्धन (लाख करोड़ रुपये)

| सेक्टर | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| कृषि | 5.35 | 5.98 | 102 |
| खनन | 0.26 | 0.30 | 115 |
| मैन्यूफैक्चरिंग | 2.75 | 2.73 | 99 |
| ऊर्जा | 0.68 | 0.65 | 96 |
| निर्माण | 2.48 | 2.79 | 112 |
| कारोबार, होटल | 2.10 | 1.91 | 91 |
| व रेस्टारेंट वित्तीय सेवाएं | 0.92 | 0.72 | 79 |
| रियल इस्टेट व पेशेवर सेवाएं | 3.23 | 3.29 | 102 |
| लोक प्रशासन | 1.68 | 1.55 | 96 |
| शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाएं | 1.58 | 1.33 | 84 |